भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 5133

24.07.2019 को उत्तर दिए जाने के लिए

पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र को बंद किया जाना

5133. **श्री सुनिल बाबूराव मेंधे**:

क्या **विदेश मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या बालाकोट की घटना के बाद भारतीय उड़ानों के लिए पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र को बंद कर दिया गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और क्या प्रभावित हवाई यात्रियों के अतिरिक्त किराये और समय को बचाने हेतु सरकार के पास कोई उपाय विचाराधीन है; और

(ग) पाकिस्तान द्वारा उसके हवाई क्षेत्र के उपयोग पर प्रतिबंध कब तक हटाये जाने की संभावना है?

उत्तर

(विदेश राज्य मंत्री)

(श्री वी. मुरलीधरन)

(क) से (ग) फरवरी 2019 में पाकिस्तान द्वारा अपने हवाई क्षेत्र के उपयोग पर लगाए गए प्रतिबंध 16 जुलाई, 2019 से हटा लिए गए हैं।

*****